आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की जागरूकता जरूरी : स्मिता बक्शी

कोलकाता, 29 अक्टूबर (निप्र)। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति (कोलकाता) द्वारा आयोजित दीपावली प्रदर्शनी का स्वर्णकार भवन में उद्घाटन करते हुए शीतल बामलवा (एन सी बी ज्वेलर्स), विधायक स्मिता बक्शी ने आयोजकों को शुभकामना दी। प्रमुख अतिथि विधायक स्मिता बक्शी, पूर्व विधायक संजय बक्शी ने आत्म निर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की जागरूकता के लिये मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए संयोजक मीकु तोसावड़ मांडण एवं परिवार के सदस्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सपन बर्मन, विनोद बामलवा, श्री श्रीगोपाल कड़ेल, चंदा देवी नारनोली, संतोष देवी मांडण, भंवरी देवी तोसावड़, मनोज सिंह एवं अतिथियों का स्वागत भगवती प्रसाद तोसावड़, रतनलाल मांडण, सुशील मांडण, सुनीता सुनालिया, लक्ष्मीनारायण मांडण, हरिराम जालु एवं कार्यकर्ताओं ने किया। कोरोना वायरस के कारण वर्तमान परिस्थिति में सरकारी गाईड लाइन का पालन किया जा रहा है।

विश्वमित्र
30.10.2020